एक नजर में

सरकारी व निजी संस्थानों में स्वतंत्रता दिवस मनाया

बिस्टान नि प्र । नगरीय परिषद में सरकारी एव निजी सस्थानो में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर देश भक्ति से ओत प्रोत तरानों के संघ तिरंगा लहराकर ध्वजारोहण कर संदेश दिया । चहुं ओर देश भक्ति को लेकर हर्ष उल्लास रहा । बैंक ऑफ इंडिया में ध्वजा रोहण ऋतु राज चौहान के द्वारा किया गया । इस अवसर पर बैंक कर्मी मौजूद रहे। वही नगर परिषद में अध्यक्ष डेम सिंह नार्वे द्वारा किया गया। इस अवसर पर सी एम ओ संतोष पारासर, सभापति प्रहलाद वास्कले ,भाजपा मंडल के बंटी राठोर, पार्षद राजेश मंडलोई, राजु प्रजापत, प्रेमलाल मोरे , के साथ भाजपा के पदाधिकारी नागरिकजन उपस्थित थे । वही बिस्टान सांदीपनी विद्यालय में ध्वजा रोहण संस्था के प्राचार्य बलराम भवर द्वारा किया गया । विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी हुआ । छोटे छोटे छात्र द्वारा कविता, भाषण, एव देश भक्ति पर आधारित गानों की थीम पर प्रस्तुत कर बहुत दाद बटोरी वही स्कूल टीचर मोहमद पठान सर द्वारा कश्मीर को लेकर पाक जनरल मुशर्फ के व्यगात्मक टिपणी कर कविता पडी कश्मीर की तस्वीर तक नही देंगे । इस कविता ने बहुत दाद बटोरी प्राचार्य बलराम भवंर ने संस्था की प्रगति पर प्रकाश डाला मुख्य अतिथि नपा अध्यक्ष डेम सींग नार्वे रहे । अनकवाडी माध्यमिक स्कूल में प्राचार्य राजेश राठौड़ के द्वारा ध्वजा रोहण किया गया । कार्यक्रम के बाद मिष्ठान नुक्ति का प्रसाद वितरित किया गया । स्टेट बैंक शाखा परिसर पर शाखा प्रबंधक राजेंद्र मालवीया ने ध्वजारोहण किया । इस अवसर पर शाखा कर्मचारी उपस्थित रहे ।

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर छाया भक्ति का उल्लास, शोभायात्रा में भजनों और जयकारों से बही भक्ति की बयार

खरगोन । भादौ माह की अष्टमी याने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर शहर सहित समूचे अंचल में भक्ति का उल्लास छाया रहा । शहर में अहिर यादव समाजजनों ने झाकियों के कारवें के साथ शोभायात्रा निकाली जिससे समूचा शहर श्रीकृष्ण भक्ति में लीन नजर आया। सुबह करीब 11 बजे अहीर यादव समाजजनों ने कुंदा तट स्थित श्री सिद्धी विनायक मंदिर परिसर से शोभायात्रा निकाली। पालकी में लड्डू गोपाल की प्रतिमा को विराजित कर शोभायाात्रा के रुप में नगर भ्रमण कराया। चल समारोह में राधा.कृष्ण की वेशभूषा में सजे बालक-बालिका सुसज्जित बग्घी में सवार थे। शोभायात्रा सराफा बाजार, एमजी रोड, टीआईटी काम्पलेक्स, बस स्टेंड, बिस्टान रोड स्थित अनाज मंडी पहुंची, यहां महाआरती के बाद सभा का आयोजन हुआ। रास्तेभर लगे स्टॉलों पर जलपान, पुष्पवर्षा एवं स्वल्पाहार कर स्वागत किया गया।

निमाड़ के किसानों से सीधे जुड़ा इज़राइल : कृषि में नवाचार पर जागृत किसान मिलन समारोह

खरगोन । निमाड़ की धरती पर आयोजित ''जागृत किसान मिलन समारोह'' ने कृषि जगत में एक नया अध्याय जोड़ा है। इस कार्यक्रम में पहली बार इज़राइल के विदेश मंत्रालय, आर्थिक मंत्रालय और मुम्बई स्थित वाणिज्य दूतावास के प्रतिनिधियों ने सीधे नाबार्ड समर्थित ह्वद्वद्धड्डस्र्स्नह्लद्गह्यद्ध एपीओ के 600 से अधिक किसानों से बातचीत की। इसका उद्देश्य भारतीय किसानों को अत्याधुनिक कृषि तकनीकों और रेसिड्यू-फ्री फार्मिंग (रसायन-मुक्त खेती) से परिचित कराना था। इज़राइल के अनुभवी स्पीकर शफ़रीर गॉडल ने वर्चुअल माध्यम से किसानों को मार्गदर्शन दिया। उन्होंने खेती को अधिक टिकाऊ, लाभदायक और आधुनिक बनाने के लिए प्रेरित किया। गॉडल ने किसानों के सवालों का जवाब भी दिया, जिससे उन्हें नई पद्धतियों को अपनाने की स्पष्टता मिली।

इस समारोह में अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञ के साथ जिले के कृषि विभाग और नाबार्ड जैसी संस्थाओं ने भी भागीदारी की। किसान कल्याण तथा कृषि विकास खरगोन के उपसंचालक कृषि शिवसिंह राजपूत और नाबार्ड के एजीएम विजेंद्र पाटिल ने अपने विचार साझा किए और किसानों का मार्गदर्शन किया। डीडीएम नाबार्ड ने इस सामूहिक प्रयास की प्रशंसा करते हुए कहा कि जिले में सभी एफपीओ का एक एसोसिएशन बनाने की ओर यह एक सार्थक पहल सिद्ध होगी। जिससे जिले के किसान कृषि आधुनिकीकरण की दिशा में तीव्र गति से कदम बढ़ाएंगे।

कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों ने भी ज्ञान साझा किया, जिनमें ऑर्गेनिक इनपुट, नर्सरी प्रबंधन, उच्च गुणवत्ता वाले बीज, आधुनिक सिंचाई प्रणालियाँ और टिश्यू कल्चर शामिल थे। विशेषज्ञों ने किसानों को यह सिखाया कि कैसे मिट्टी और फसल दोनों की सेहत का ध्यान रखते हुए कम रसायनों का उपयोग कर अधिक गुणवत्ता और मुनाफा कमाया जा सकता है।

यह भव्य आयोजन नाबार्ड समर्थित निमाड़फ्रेश कृषि विकास फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड, गोगावां एफपीओ सहित अन्य एफपीओ और नर्सरियों के सामूहिक प्रयास से सफल हुआ। समारोह में मसालों से लेकर ड्रिप सिंचाई उपकरण और टिश्यू कल्चर से तैयार केले के पौधों तक, विभिन्न कृषि उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई गई।

इस मौके पर उप संचालक कृषि शिवसिंह राजपूत, जनसेवक संतोष पाटीदार (यूपीएल) और प्रगतिशील किसान महेश पाटीदार ने कुछ उत्कृष्ट किसानों को सम्मानित कर उनका मनोबल बढ़ाया। इस पहल ने निमाड़ से लेकर पूरे भारत के कृषि जगत तक यह सकारात्मक संदेश पहुंचाया कि भारतीय किसान भी विश्व स्तरीय खेती कर सकते हैं। आयोजकों ने देश के सभी एफपीओ तक इस मुहिम को पहुँचाने और भारत को रसायन-मुक्त बनाने का संकल्प लिया।

उमंग, उत्साह से मना स्वाधीनता के पर्व, मंत्री सारंग ने फहराया राष्ट्रीय ध्वज

नवभारत न्यूज

खरगोन। देश की आन बान शान का राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस समूचे जिले मेवपूरे उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। मुख्य आयोजन डीआरपी लाइन मैदान पर हुआ। यह जिले के प्रभारी मंत्री विश्वास सारंग मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे और राष्ट्रीय ध्वज फहराकर स्वतंत्रता दिवस परेड की सलामी ली। इस अवसर पर मंच पर कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक भी मौजूद रहे।

सुबह ठीक 9 बजे जैसे ही तिरंगा फहराया गया, पूरा स्टेडियम भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारों से गूंज उठा। राष्ट्रगान के साथ ही आकाश में उड़ते रंग-बिरंगे गुब्बारे देशभक्ति की भावना को और प्रबल कर रहे थे। परेड में पुलिस बल, एनसीसी कैडेट्स और स्काउट-गाइड के छात्र-छात्राएं शामिल हुए। उनकी सटीक कदमताल और अनुशासन ने उपस्थित जनसमूह की तालियों की गड़गड़ाहट बटोरी।

ध्वजारोहण और परेड के बाद प्रभारी मंत्री ने मुख्यमंत्री का स्वतंत्रता दिवस संदेश पढ़कर सुनाया, जिसमें विकास, एकता और समृद्ध भारत के संकल्प को दोहराया गया। उन्होंने जिलेवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदान को नमन किया। इसके बाद आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां शुरू हुईं, जिनमें देशभक्ति गीत, लोकनृत्य और झांकियों ने सभी का मन मोह लिया।

इस अवसर पर विधायक बालकृष्ण पाटीदार, विधायक राजकुमार मेव, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अनुबाई तंवर, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती छाया जोशी, जिला अध्यक्ष श्रीमती नंदा ब्राह्मणे, पूर्व विधायक बाबूलाल महाजन, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आकाश सिंह, सहायक कलेक्टर श्री जामदार फरहान इरफान, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती शकुंतला रूहल, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती हेमलता सोलंकी, एसडीएम बीएस कलेश, सहित अन्य जिला अधिकारी, जनप्रतिनिधि, छात्र-छात्राएं, पत्रकार एवं नागरिकगण उपस्थित थे।

सेनानी के परिजनों को सम्मानित किया

मंत्री श्री सारंग ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, कारगिल शहीद और लोकतंत्र सेनानी के परिजनों का शाल एवं श्रीफल प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने शासकीय कार्यक्रमों एवं योजनाओं के क्रियान्वयन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शासकीय सेवकों, उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने मार्चपास्ट और सांस्कृतिक कार्यक्रम के प्रतिभागियों को भी सम्मानित किया। इससे पूर्व शांति और हर्ष के प्रतीक रंगीन गुब्बारे भी छोड़े।

79 वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया

नवभारत न्यूज

खरगोन। जिले के कसरावद में 79 वा स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया नगर परिषद में श्रीमती विमल राजेंद्र सिंह यादव द्वारा झंडा फहराया गया वहीं मुख्य कार्यक्रम जनपद द्वारा जनपद अध्यक्ष श्रीमती सारिका राजेश बगरे द्वारा झंडा फहराया गया तहसील कार्यालय में एसडीएम सत्येंद्र बैरवा ने फहराया झंडा न्यायालय परिसर में जज साहिबा ने झंडा फहराया वही मंडी कार्यालय में सत्येंद्र बेरवा एसडीएम ने झंडा फहराया पुलिस थाना परिसर में थाना प्रभारी राजेंद्र बर्मन ने झंडा फहराया उप जेल में धर्मवीर सिंह ने फहराया वही सभी प्राइवेट और शासकीय कार्यालय एवं ग्राम पंचायतो में झंडा फहराया गया एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए मुख्य कार्यक्रम कन्या शाला परिसर में किया गया। इसके पश्चात बच्चों को परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने वालों को पुरस्कार वितरण किया गया एवं स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष उपाध्यक्ष जनपद सदस्य जनपद सीईओ तहसीलदार नगर पालिका अध्यक्ष पार्षद गण एवं सभी कर्मचारी एवं नगर वासी समाजसेवी सभी मौजूद रहे।

छात्रावास के बच्चों के साथ रोटरी क्लब ने मनाया स्वतंत्रता दिवस

खरगोन। रोटरी क्लब खरगोन ने स्वतंत्रता दिवस का उत्सवनेताजी सुभाषचंद्र बोस आदिवासी बालक होस्टल के नन्हे-मुन्ने बच्चों के साथ मनाया। संध्या के समय आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अशोक दीक्षित, विशेष अतिथि काकासिंह छाबड़ा, प्रोजेक्ट चेयरमैन हरप्रीत भाटिया थे। रोटरी क्लब अध्यक्ष गोल्डी चावला ने रोटरी क्लब के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को अच्छी शिक्षा हासिल कर समाज और राष्ट्सेवा के लिए प्रेरित किया। श्री दीक्षित ने बच्चों को छोटी उम्र से अच्छी आदतों को अपनाने पर जोर दिया। छाबड़ा ने बच्चों को पढाई के साथ खेलने की भी प्रेरणा दी। इस अवसर पर विशेष रूप से रोटरी क्लब वरिष्ठ सदस्य शब्बीर हाशमी, डॉ. रमेश नीमा, डॉ. जेसी पालीवाल उपस्थित थे।

शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय गोगावा में धूमधाम से मनाया स्वतंत्रता दिवस

गोगावां। विद्यालय में 79वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विकास खंड शिक्षा अधिकारी श्री राहुल पाध्ये एवं विद्यालय के प्राचार्य श्री ए.एल. डोंगरे उपस्थित रहे। सभी शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएँ इस अवसर पर सम्मिलित हुए।

कार्यक्रम के अंतर्गत कक्षा 9 से 12 तक के विषयवार शीर्ष स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि एवं प्राचार्य द्वारा मोमेंटो प्रदान किए गए। कक्षा 9 से 12 के छात्रों को संस्था के वरिष्ठ शिक्षक कय्यूम खान के द्वारा नगद पुरस्कार भी दिए गए। इसके अतिरिक्त कक्षा 10 एवं 12 के अंग्रेजी विषय में सर्वोच्च अंक प्राप्त विद्यार्थियों को शिक्षक दिनेश अवाया द्वारा मोमेंटो एवं नगद पुरस्कार प्रदान किए गए।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों द्वारा विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं। संचालन शिक्षिका रंजना पाटीदार एवं शिक्षक संतोष मुकाती ने संयुक्त रूप से किया।

इस दौरान विद्यार्थियों को देशभक्ति एवं अनुशासन का संदेश भी दिया।अंत में सभी विद्यार्थियों को मिठाई बाट कर कार्यक्रम का समापन किया गया। उधर एकीकृत कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल में खंड स्तरीय ध्वजारोहण जनपद अध्यक्ष गंगाबाई मंडलोई द्वारा किया गया जिसमे प्रदेश के मुख्यमंत्री के संदेश का टीवी चैनल पर लाइव प्रसारण भी सभी ने देखा इस दौरान बच्चो के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए इस मौके पर तहसीलदार सुंदरलाल ठाकुर जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी शिवानी वर्मा

छात्रों को निशुल्क साइकिल वितरण किया

नवभारत न्यूज

गोगावा, निप्र। 14 जुलाई 2025 को शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, गोगावा में मध्यप्रदेश शासन द्वारा विद्यार्थियों को नि:शुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विकास खंड शिक्षा अधिकारी श्री राहुल पाध्ये उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य श्री ए. एल. डोंगरे ने की। साथ ही कार्यक्रम में विद्यालय के साइकिल प्रभारी श्री कय्यूम खान एवं समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

सरकार की इस योजना के अंतर्गत चयनित 70 विद्यार्थियों को 70 नि:शुल्क साइकिलें प्रदान की गईं, जिससे वे अपने घर से विद्यालय तक आसानी से आ-जा सकें और उनकी पढ़ाई में किसी प्रकार की बाधा न आए। मुख्य अतिथि एवं प्राचार्य ने विद्यार्थियों को इस सुविधा का सदुपयोग करने तथा शिक्षा के प्रति समर्पित रहने का संदेश दिया । साइकिल प्रात करने के बाद विद्यार्थियों बहुत खुश हुवे ।

शासकीय आई टी आई सेगांव में 79वां स्वतंत्रता दिवस मनाया

खरगोन निप्र शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सेगांव में 79 वां स्वतंत्रता दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य सुनील क्षेत्रे द्वारा सर्वप्रथम भारत माता के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित किया गया एवं पूजा कर ध्वजारोहण किया गया। इस दौरान उन्होंने अपने संबोधन में 79वां स्वतंत्रता दिवस के मुख्य विषय 'नया भारत' से जुड़े हुए निमंत्रण पत्रों पर ऑपरेशन सिंदूर का मोनो और चिनाब ब्रिज का वॉटरमार्क अंकित है, जो 'नया भारत' के उदय को दर्शाता है, जो इस वर्ष 2025 के स्वतंत्रता दिवस समारोह का थीम है पर व्यक्त किये गए। संस्था में आयोजित मेरिट परीक्षा में राजकुमार आर्से एवं नियमित उपस्थिति में पीयूष यादव द्वारा प्रथम स्थान प्राप्त करने पर प्रमाण पत्र एवं प्रतीक चिन्ह प्रदान किए गए। प्रशिक्षक गिरिश चौहान द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

पहाड़ी क्षेत्र में झमाझम बारिश से बढ़ा कुंदा का जलस्तर

नवभारत न्यूज

खरगोन। जिले में करीब डेढ़ माह बार एक बार फिर मानसून सक्रिय हुआ है। पिछले 3 दिन में शहर में भले ही रुक-रुककर बारिश हो रही है, लेकिन पहाड़ी क्षेत्र में झमाझम बारिश ने जलस्त्रोतों को लबरेज किया है। देजला-देवाड़ा बांध व अपर वेदा बांध के साथ अच्छी बारिश से पहली बार शहर से होकर बह रही कुंदा नदी में जलस्तर बढ़ा है। भू- अभिलेख कार्यालय से मिली जानकारी अनुसार जिले में पिछले 24 घंटे में 28.30 मिमी याने 1.1 मिमी बारिश दर्ज की गई है।

शनिवार को शहर में भी दिनभर बादलों की आवाजाही के बीच कभी तेज तो कभी रिमझिम बारिश होती रही। वहीं भगवानपुरा, सिरवेल, धुलकोट क्षेत्र में तेज बारिश से कुंदा नदी में सीजन की पहली बाढ़ का पानी आने से जलस्तर बढ़ा और कालिका माता मंदिर के सामने बने बैराज के ऊपर से पानी बहा। नदी में पानी बढने से नालों से आकर मिल रही गंदगी और जलकुंभी बहती नजर आई।

एक नजर में | **शिव डोला समिति अध्यक्ष ने बताया कि तीस हजार से अधिक शिवभक्तों ने झिलमिल झांकियों को देर रात निहातरे रहे**

नगर भ्रमण पर शाही अंदाज में निकले अर्घ्य नारिश्वर महादेव, प्रजा का हाल जाना

नवभारत न्यूज

बिस्टान निप्र। बिस्टान भादवा तिथि की चतुर्थी बुधवार को नगर भ्रमण पर शाही अंदाज में निकलें अर्ध्य नारीश्वर महादेव ने प्रजा का हाल जाना । भक्तजनों मैं भी शिव डोले को लेकर बहुत उत्साह था ।

शिव डोला समिति अध्यक्ष सजंय शुक्ला ने बताया की 30 हज़ार से अधिक शिवभक्तों ने झीलमिल झाकियो को देर रात तक निहारते रहे । महाकाल गुरुप , काल भैरव ग्रुप, अंनकवाडी की झांकी में भोले नाथ की नृत्य मुद्रा

वाली झांकी सजी थी ,संभु शासन ग्रुप द्वारा कष्ठ भंजन हनुमान की झांकी बनाई गई । तांडव ग्रुप ने युवा हर्ष पटेल को श्रद्धांजलि देते हुए कटाउट लगाया एव झांकी में द्रोपदी का दुशासन द्वारा चीर हरण वाली झांकी आकर्षण का केंद्र रही ।

वही जैक्स गुरूप की मां काली काली रात में निकली भैरव की सवारी...मां का विकराल रूप में नृत्य चलित झांकी ने उपस्थित जनों का मन को मोह लिया । इसके अलावा अन्य झाकियां भी शिव डोले में सम्मिलित हुई ।

भोलेनाथ के डोले में सेवा में भक्त जनो का जन समुदाय उमड़ पड़ा । पलक पावड़े बिछाकर युवा संगठन समाजिक संगठन झांकी संगठनो ने अतिथियों को जल पान ग्रहण करवाया गया । हलवा ,पोहे ,मिर्च के भजिए, ककड़ी, केले , चाय पानी, के स्टाल समाजिक संगठनो के द्वारा लगाए गए । बिजली विभाग ,राजस्व विभाग ,नगर परिषद , पुलिस विभाग ,सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारियों ने व्यवस्था बनाने में सहयोग किया ।

नगर परिषद कार्यालय में झांकियों का स्वागत किया

जनप्रतिनिधि जनों द्वारा नगर परिषद कार्यालय में झाकियों का स्वागत किया । . डी जे की धुन पर भक्त जन थिरकते रहे। इंद्र देव भी इस विशाल चल समारोह को देखकर पसीज गए। रिमझिम बारिश का क्रम चलता रहा। शाम 7, 30 बजे सभी झांकिया जहा थीं वहीं खड़े होकर सामुहिक हनुमान चालीसा व आरती की गई। इस चल समारोह के दौरान पुलिस प्रशासन की माकूल व्यवस्था थी।